दैनिक जागरण
लुधियाना, सोमवार, 28 मई 2012

कालका में मेगा हेल्थ कैंप 3 को

पिंजौर संवाद सहयोगी : अंबाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अगामी तीन जून को कालका के हिंदू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेदाता-दी मेडिसिटी गुड़गांव के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम के सहयोग से विशाल निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समाज सेवी संत शर्मा और सोसाइटी की चेयरपर्सन शक्ति रानी ने बताया कि कैंप का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अंबाला के विधायक विनोद शर्मा द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कैंप में लगभग 2.50 करोड़ रुपयों की लागत से तैयार वाल्वो बस जिसमें कैंसर की बीमारी की जांच के लिए सारी मशीनरी यहां विशेष तौर पर उपलब्ध होगी। सोसाइटी द्वारा इस क्षेत्र में दूसरा कैंप आयोजित किया जा रहा है। उन्होने बताया कि कैंप में हृदय, दिमाग, आंख, दांत, महिलाओं की छाती के कैंसर की जांच एंव मेमोग्राफी टेस्ट, इको, इसीजी, शुगर से संबधित सभी टेस्ट मुफ्त किए जाएंगे। इसके अलावा बच्चों की जांच व सभी मरीजों को दवाएं भी दी जाएगी। संत शर्मा ने बताया कि कैंसर से पीड़ित मरीजों की मेमोग्राफी भी फ्री की जाएगी। कैंप की रजिस्ट्रेशन अगामी 29 मई से 31 मई तक सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक हिन्दू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालका और व्हाइट हाउस पिंजौर में की जाएगी।